WORKSAFE
Mahi Haumaru Aotearoa

ACC और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा समर्थित

# इंजीनियर्ड स्टोन उद्योग में कार्मिकों के लिए स्वास्थ्य जानकारी

**पता लगाएं कि क्या आपका स्वास्थ्य इंजीनियर्ड स्टोन उद्योग में काम करने से प्रभावित हुआ है।**

## त्वरित सिलिकोसिस

WorkSafe, ACC और स्वास्थ्य मंत्रालय उन कार्मिकों को पहचानने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं जिन्हें इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने के परिणामस्वरुप त्वरित सिलिकोसिस होने का जोखिम हो सकता है। यह एक उभरती हुई स्वास्थ्य समस्या है।

सिलिकोसिस एक रोग है जिसके कारण फेफड़ों में क्षतचिह्न पैदा होते हैं। त्वरित सिलिकोसिस एक प्रकार की सिलिकोसिस है जो किसी कार्मिक के श्वसनयोग्य क्रिस्टलीय सिलिका (RCS) के बुरादे की बड़ी मात्राओं के संपर्क में आने के बाद होती है। यह आम तौर पर तीन से 10 साल के समय में विकसित होती है लेकिन विदेशों में एक साल से कम के संपर्क के बाद भी इसके मामले हुए हैं।

त्वरित सिलिकोसिस स्वास्थ्य की एक गंभीर अवस्था है।

### श्वसनयोग्य क्रिस्टलीय सिलिका का बुरादा

क्रिस्टलीय सिलिका कंक्रीट, ईंटों, चट्टानों, रेत, मिट्टी, और पत्थर (रसोईघर, बाथरुम और लाँड्री में प्रयुक्त संयोजी बेंचटॉपों में पाए जाने वाले कृत्रिम या इंजीनियर्ड पत्थर सहित) में पाया जाने वाला एक प्राकृतिक पदार्थ है।

श्वसनयोग्य क्रिस्टलीय बुरादा तब बनता है जब क्रिस्टलीय सिलिका से युक्त सामग्रियों को काटा, पीसा, खोदा, सैंड किया, पॉलिश किया, या अन्यथा छेड़ा जाता है। RCS के कण अत्यंत महीन ("श्वसनयोग्य") होते हैं; उन्हें नंगी आँखों से हमेशा नहीं देखा जा सकता है। किसी भी स्रोत से आने वाले RCS बुरादे से संपर्क मानव स्वास्थ्य को हानि पहुंचा सकता है।

## क्या मुझे स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए?

यदि आपने पिछले 10 वर्षों में छह से अधिक महीनों तक इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम किया है, तो आपको अपने सामान्य चिकित्सक (GP) से मिलना चाहिए।

यदि आपने पिछले 10 वर्षों के दौरान छह से कम महीनों के लिए न्यूज़ीलैंड या विदेश में इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम किया है, तो यह जानकारी पत्रक रख लें और जब छः महीने गुज़र जाएं तो खुद से यह प्रश्न पूछना याद रखें।

## कैसे पता लगाएं कि क्या आपका स्वास्थ्य प्रभावित हुआ है

### 1 अपने GP के पास जाएं

स्वास्थ्य के आकलन के लिए GP के पास जाना स्वैच्छिक है, लेकिन WorkSafe, स्वास्थ्य मंत्रालय, और ACC, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको उपयुक्त सलाह मिले, इंजीनियर्ड स्टोन उद्योग के कार्मिकों को ऐसा करने की पुरजोर अनुशंसा करते हैं।

**यदि आपने पिछले 10 वर्षों में छः से अधिक महीनों के लिए इंजीनियर्ड स्टोन बेंचटॉपों के साथ काम किया है**, तो आपको RCS के बुरादे से संपर्क के लिए अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने के लिए अपने GP के पास जाना चाहिए।

यदि आपके वर्तमान काम (या भूतपूर्व कार्यस्थल) में विगतकाल में आपके स्वास्थ्य की निगरानी की गई है, तो अपने नियोक्ता से ये रिकार्ड लेना और उन्हें अपने साथ अपने GP के पास ले जाना महत्वपूर्ण है।

अगर अनुरोध किया गया तो आपके नियोक्ता को आपकी स्वास्थ्य जानकारी की एक प्रति देने की आवश्यकता होती है।

### 2 आपका GP आपकी परीक्षण करेगा

आपका GP आपकी परीक्षण करेगा और आपको अधिक जानकारी और सलाह देगा। उन्हें यह बताना महत्वपूर्ण है कि आपने **पिछले 10 वर्षों के दौरान** इंजीनियर्ड स्टोन के साथ कितने समय तक काम किया है।

यदि आपका GP निश्चय करता है कि आपको त्वरित सिलिकोसिस होने का जोखिम है, तो वह आपको अगले कदमों के बारे में जानकारी और सलाह देगा।

WSNZ_3806_SEP 20 HINDI

## भुगतान कौन करता है?

आपको अपने GP से मुलाकात के लिए भुगतान करना होगा, हालांकि यह केवल आंशिक भुगतान हो सकता है यदि आपका GP आपकी ओर से (आपकी सहमति के साथ) ACC के पास दावा प्रस्तुत करता है। यदि भुगतान कोई समस्या है, तो कृपया अपने नियोक्ता से बात करके पूछें कि क्या वह मदद कर सकता है।

Worksafe अनुशंसा करता है कि व्यवसाय GP से मुलाकात के लिए भुगतान करने पर विचार करें और कार्मिकों को इस (और भविष्य में इससे संबंधित अपाइंटमेंटों) के लिए काम के घंटों के दौरान छुट्टी लेने की अनुमति दें ताकि आपके लिए स्वास्थ्य का आकलन करवाना आसान और संभव हो सके।

ACC आपके दावे का आकलन करने के लिए जरुरी नैदानिक आकलनों और जाँचों के लिए भुगतान करेगा।

### आप और आपके परिवार के लिए परामर्श सहायता

यह समय चिंता से भरा हो सकता है। आपका GP आपको स्थानीय परामर्श सहायता के बारे में बता सकता है जो आप और आपके परिवार के लिए मददगार हो सकती है।

आपके नियोक्ता के पास कर्मचारी सहायता कार्यक्रम हो सकता है जिसका आप उपयोग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने नियोक्ता से बात करें।

राष्ट्रीय टेलीफोन सहायता सेवाएं जैसे 1737 नेशनल टेलीहेल्थ सर्विस (1737 को कॉल करें या संदेश भेजें) या Lifeline Aotearoa (4357 को संदेश भेजें, 0800 543 354 को कॉल करें) सारे सप्ताह चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं और निःशुल्क हैं।

अपने क्षेत्र में परामर्श सेवाओं का पता लगाने के लिए, आप Healthline को 0800 611 611 पर कॉल कर सकते हैं।

## आपके स्वास्थ्य की जानकारी

आप अपने GP को जो जानकारी देते हैं वह आपके स्वास्थ्य रिकार्ड का हिस्सा बन जाएगी और आपके दावे पर निर्णय लेने में मदद करने के लिए ACC को दी जाएगी।

यदि आपको अपने स्वास्थ्य के बारे में कोई चिंताएं हैं तो आपको अपने GP के पास जाना चाहिए।

## इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने वाले कार्यस्थलों में WorkSafe के दौरे

WorkSafe के निरीक्षक उन व्यवसायों के दौरों के दूसरे दौर का संचालन कर रहे हैं जिन्हें इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने के लिए जाना जाता है। पिछले वर्ष इन व्यवसायों का दौरा किया गया था ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने के जोखिमों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा रहा है, और कार्मिकों की सुरक्षा के लिए कारगर नियंत्रण स्थापित किए गए हैं।

निरीक्षक अब जोखिम प्रबंधन की जांच करने, और यह जानकारी प्रदान करने के लिए कि इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने से आपका स्वास्थ्य प्रभावित हुआ है या नहीं इसकी जांच कैसे करते हैं, पिछले वर्ष के दौरों का फॉलो अप कर रहे हैं। निरीक्षक इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने वाले नए पहचान किए गए स्थलों का भी दौरा करेंगे।

## अधिक जानकारी

व्यवसायों को, जहाँ तक उचित रुप से व्यावहारिक हो, अपने कार्मिकों के स्वास्थ्य की निगरानी करनी चाहिए यदि किसी विशेष स्वास्थ्य जोखिम से संपर्क के कारण उसकी जरुरत पड़ती है। व्यवसायों को अपने व्यवसाय में जोखिमों के बारे में स्वास्थ्य की निगरानी की सलाह और सेवाएं प्रदान करने के लिए उपयुक्त रुप से प्रशिक्षित पेशेवर को नियुक्त करना चाहिए।

PCBUs और कार्मिकों को उन निर्णयों पर चर्चा करनी चाहिए जो उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित करते हैं, जिनमें उनके स्वास्थ्य का आकलन और निगरानी करवाने का तरीका शामिल है।

### WorkSafe मार्गदर्शन

अंग्रेजी और सात अन्य भाषाओं में उपलब्ध:

कार्यस्थल में सिलिका का बुरादा

कार्मिकों के जानने की 8 मुख्य बातें: कार्यस्थल में सिलिका के बुरादे को नियंत्रित करना

स्वास्थ्य की निगरानी और संपर्क की निगरानी